आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 13.11.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – ऋण गारंटी योजना से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित होगा तथा भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में चम्पावत जिले के टनकपुर में एकता पद यात्रा में भाग लिया।
- प्रदेश में ग्राम पंचायत, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों के रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू।
- रुद्रप्रयाग जिले की ग्राम पंचायत टाट में आयोजित दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निर्यातकों के लिए ऋण गारंटी योजना की मंजूरी से वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और सुचारू व्यावसायिक संचालन सुनिश्चित होगा तथा भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि निर्यात संवर्धन मिशन–ईपीएम, निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार करेगा और एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वाले तथा श्रम–प्रधान क्षेत्रों की मदद करेगा।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यातकों के लिए एक नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी दी है, जो एमएसएमई सहित निर्यातकों को शत–प्रतिशत ऋण का आश्वासन प्रदान करती है। यह योजना बीस हज़ार करोड़ रूपए तक का अतिरिक्त ऋण प्रदान करेगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य भारत को एक लाख करोड़ रूपए के निर्यात लक्ष्य का समर्थन करना और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है।

## एकता पद यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज चम्पावत जिले के टनकपुर में एकता पद यात्रा में भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय से शुरू हुई पद यात्रा रामलीला मैदान तक निकाली गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित था। उन्होंने  कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो काम किया, देश उसे कभी भुला नहीं सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से हमारे आने वाली पीढ़ियों को पटेल जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित करना है, ताकि उनमें राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना पैदा हो सके। एकता पद यात्रा में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र, भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोगों के साथ ही कर्मचारी और अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय एकता, नशा मुक्त भारत और मतदाता जागरुकता की शपथ भी दिलाई गई।

## स्कूल वार्षिकोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ढालवाला ऋषिकेश में एक स्कूल के 12वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना भर नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, राष्ट्र निर्माण और मानवता के उत्थान के मूल्यों को जीवन में उतारना भी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए गए हैं। इनके माध्यम से छात्रों को इंटर्नशिप, स्किल ट्रेनिंग और करियर एक्सपोज़र के उत्कृष्ट अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि छात्र अपने नवीन विचारों को स्टार्टअप और नवाचार के रूप में विकसित कर सकें।

## नामांकन

प्रदेश में ग्राम पंचायत, क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों के रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है, जो कल तक जारी रहेगी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से बागेश्वर जिले में पंचायत सदस्य पदों के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आज पहले ही दिन ब्लॉक सभागार में कई प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। बागेश्वर ब्लॉक क्षेत्र में 755 पंचायत सदस्य पदों के लिए चुनाव होने हैं। रिटर्निंग अधिकारी ख्याली राम ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 700 नामांकन फार्म बिक चुके हैं।

गौरतलब है कि नामांकन पत्रों की जांच 15 नवम्बर को होगी। नाम वापसी की तारीख सोलह नवम्बर है और इसी दिन चुनाव चिह्न भी आंवटित किए जाएंगे। मतदान 20 नवम्बर को और मतगणना 22 नवम्बर को होगी।

## मशरूम प्रशिक्षण

भारतीय स्टेट बैंक– आरसेटी की ओर से रुद्रप्रयाग जिले की ग्राम पंचायत टाट में आयोजित दस दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इस दौरान 25 स्थानीय महिलाओं ने मशरूम उत्पादन की तकनीक को बारीकी से सीखा। महिलाओं को मशरूम के बीज की तैयारी, माध्यम तैयार करना, तापमान व आर्द्रता नियंत्रण, रख–रखाव, पैकिंग, भंडारण और विपणन से जुड़ी सभी तकनीकी जानकारी दी गईं। संस्थान के प्रशिक्षक वीरेंद्र बर्तवाल ने महिलाओं को उद्यमिता विकास कार्यक्रम से संबंधित विषयों की जानकारी दी।

## वेंडिंग मशीन

नैनीताल जिले के काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं और रामनगर रेलवे स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन स्थापित होने से अनारक्षित यात्रा या प्लेटफार्म टिकट खरीदना और मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण करना अब आसान हो गया है। इन रेलवे स्टेशनों पर कुल सात टिकट वेंडिंग मशीन लगाई गई हैं, जिनमें से काठगोदाम, लालकुआं और रामनगर में दो–दो और हल्द्वानी में एक मशीन स्थापित की गई है। वहीं यात्रियों को टिकट खरीदने में सहयोग के लिए सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। यह सुविधा उपलब्ध होने से यात्रियों को यात्रा टिकट खरीदने के लिए लम्बी कतारों से छुटकारा मिल गया है। वहीं स्मार्ट कार्ड से भुगतान करने पर 150 किलोमीटर की दूरी तक के किराए पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।